Publication**: Rajasthan Patrika** l Region: **Delhi** l Date: **14/05/2015** l Page No.: **13**

रिलायंस लाइफ का नया हैल्थ प्लान

नई दिल्ली @ पत्रिका

patrika.com/business

रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने एक नया व्यापक मेडिकल बीमा योजना हैल्थ टोटल पेश की। इस योजना का नवीकरण 99 साल की उम्र तक किया जा सकेगा। पांच साल की अवधि वाले इस प्लान में 15 हजार रुपए सालाना प्रीमियम पर दो लाख रुपए तक का कवर मिलता है। कंपनी के चीफ एजेंसी अधिकारी मनोरंजन साहू ने बताया कि यह नॉन लिंक्ड, नॉन पार्टिसिपेटिंग और नॉन वैरिएबल स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो पूर्ण स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराता है।

निवेश छूट भी

इसमें अस्पताल में भर्ती होने, गंभीर बीमारी व सर्जरी के लिए निश्चित लाभ कवर मिलेगा।

इसके अलावा राजमर्रा के स्वास्थ्य संबंधी खर्च के लिए सालाना दस हजार रुपए तक का रिएम्बर्स भी मिलेगा। यह प्लान निवेशक को धारा 80डी के तहत निवेश छूट भी उपलब्ध करता है।